卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 129 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦13 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## एयरो इंडिया शो में भारतीय वायुसेना ने दिखाई ताकत

बेंगलुरु(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बेंगलुरू के येलहंका एयरबेस में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो 2023 का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश रक्षा क्षेत्र का प्रमुख खिलाड़ी बनने का



कोई मौका नहीं छोड़ेगा और न ही कोई कसर छोड़ेगा। बता दें कि एयरो इंडिया शो 2023 के दौरान भारतीय वायु सेना के ताकत की झलक भी दिखाई दी। भारतीय वायु सेना के राफेल विमान ने बेंगलुरु के येलहंका एयरबेस पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेरोजगारों के समर्थन में धरने पर बैठे कांग्रेसी

### युवाओं के सपनों की हत्या कर रही भाजपा सरकार: यशपाल आर्य

रूद्रपुर। देहरादून में बीते दिन बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज और भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में जिले भर के कांग्रेसी सोमवार को गांधी पार्क में महात्मा गांधी जी की मूर्ति के समक्ष धरने पर बैठे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर युवाओं की आवाज को बलपूर्वक दबाने का आरोप लगाते हुए भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग की।जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले आयोजित धरने की शुरूआत कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके की। धरना स्थल पर आयोजित सभा में नेता प्रतिपक्ष



यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार युवाओं को आवाज को बलपूर्वक कुचल रही है। भर्ती परीक्षाओं में जांच पूरी हुए बिना ही दोबारा परीक्षाएं करवाई जा रही है जो सरासर अन्याय है। हजारों बेरोजगार युवाओं ने सरकार से मात्र यही मांग रखी थी कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक भर्ती परीक्षाओं को सरकार ना करे लेकिन सरकार युवाओं की जायज मांग को मानने के बजाय उन पर लाठियां बरसा रही है। बेरोजगारों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। यशपाल आर्य ने कहा कि देहरादून में बेरोजगार शांतिपूर्वक धरनाप्रदर्शन कर रहे थे लेकिन सरकार ने जानबूझकर लाठी चार्ज करवाया और माहौल खराब किया। युवाओं पर लाठियां बरसाने के साथ ही उन पर मुकदमे लादकर जेल में डाला जा रहा है। इससे युवा सीएम का युवा विरोधी असली चेहरा (शेष पृष्ठ सात पर)

## गांव की गलियों में मार्निंग वॉक पर निकले सीएम

### सर्किट हाउस छोड़ होम स्टे में किया प्रवास, लोगों से रूबरू हुए

पौड़ी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्किट हाउस छोड़ कि उत्तराखंड राज्य की आत्मा गांवों में ही बसती है। अपने दो दिवसीय पौड़ी कर रावत गांव में मेजर (से.नि.) गोर्की चंदोला के पहाड़ी शैली में निर्मित होम स्टे विभिन्न विकास योजनाओं से मिल रहे लाभ एवं स्थानीय शिल्पकारों द्वारा





होम स्टे में ही रात्रि प्रवास किया। सुबह मार्निंग वॉक पर निकले तो आम लोगों से सीधे रूबरू हुए। सीएम धामी ने कहा गढ़वाल दौरे पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम को निरस्त में रुकने का निर्णय लिया।इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से मुलाकात कर प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र में संचालित निर्मित रिंगाल से बने उत्पादों के बारे में जानकारी ली। सीएम ने कहा कि प्रदेश में संचालित लगभग(शेष पृष्ठ सात पर)

## दामाद ने सास को गला दबाकर मौत के घाट उताता

हरिद्वार (उद संवाददाता)। सिडकुल थाना क्षेत्र में एक दामाद ने अपनी सास को ही मौत के घाट उतार दिया। सास का गला दबाकर हत्या करने के बाद आरोपी वहीं कुछ देर बैठा रहा और खुद ही घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल



की मोर्चरी में भिजवा दिया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि दामाद और सास के बीच किसी बात को लेकर अनबन हुई थी। जिसके बाद नशे में दामाद ने सास की हत्या कर डाली। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से बिजनौर निवासी सुरेंद्र सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता है। वह सिडकुल क्षेत्र की ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेरोजगारों ने फिर किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून(उद संवाददाता)।कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर एक बार फिर मामला गर्माता नजर आ रहा है। पिछले तीन दिन से धरने पर बैठे बेरोजगार संघ के



युवकों के साथ सोमवार को उनके स्वजन व राजनीतिक दलों के लोग पहुंचे। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बॉबी पवार को तुरंत रिहा करने की मांग की है। वहीं जिला सत्र न्यायालय गेट पर भी युवा धरने पर बैठे रहे। पुलिस उन्हें भी नहीं हटा पाई। बता दें बॉबी पवार सहित 13 आरोपितों की रिहाई को लेकर आज बहस होनी है।

## नए नकल विरोधी कानून के तहत पहला मामला दर्ज

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। पेपरलीक प्रकरण और नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद रविवार को प्रदेशभर में राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा सम्पन्न हो गयी। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद उत्तरकाशी में पेपर की सील खुली होने जैसी अफवाह फैलाने वालों पर नए नकल विरोधी कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तरकाशी के पॉलीटेक्निक परीक्षा केंद्र पर एक अभ्यर्थी अरुण कुमार ने प्रश्न पत्र की सील खुली होने का आरोप लगाया। अभ्यर्थी ने अपने बयान का वीडियो भी वायरल किया। जिसके बाद थाने तक मामला पहुंचा तो परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापक की तहरीर पर अरुण कुमार और कुछ न्यूज पोर्टलों के खिलाफ नकल विरोधी कानून के तहत पहला मुकदमा दर्ज किया गया। अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी तीर्थपाल सिंह ने बताया कि राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी / लेखपाल) की लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में कुछ लोगों द्वारा भ्रामक खबरें फैलाई जा रही है। तीर्थपाल सिंह ने बताया कि ऐसे कतिपय लोगों के विरुद्ध नए नकल विरोधी अध्यादेश के सुसंगत प्राविधानों के तहत पहला मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नपत्र की पेपर सील की गोपनीयता के सम्बन्ध में व्यक्त संदेह/भ्रांतियां निर्मूल हैं। परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री वाले बॉक्स प्रधानाचार्य/केन्द्र प्रभारी के कक्ष में कक्ष निरीक्षक तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में खोले गए हैं। सील्ड बॉक्स की वीडियोग्राफी की गई है। प्रश्नपत्र की गोपनीयता पूरी तरह से संरक्षित है। रविवार को राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से 563 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में पंजीकृत एक लाख 58 हजार 210 अभ्यर्थियों में से 65.6 प्रतिशत अभ्यर्थी ही शामिल हुए। आयोग के अनुसार प्रदेश में बनाए गए 498 परीक्षा केंद्रों में कहीं से (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से कॉलेज के लिए निकली छात्रा गायब

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से कॉलेज के लिए निकली एक छात्रा बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायक छात्रा का पता लगाना शुरू कर दिया। पुलिस को दी तहरीर में बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि स्थानीय कॉलेज में उसकी पुत्री इंटर की छात्रा है। बीते 9 फरवरी को वही स्कूल ड्रेस में घर से कॉलेज के लिए निकली लेकिन वापस घर (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाई पर किया तलवार से हमला

रूद्रपुर (उद सवंददाता)। बगवाड़ा निवासी एक व्यक्ति ने अपने भाई पर तलवार से हमला कर धमकाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। दर्ज रपट में अमनदीप सिंह विर्क निवासी बगवाडा ने कहा है कि वह अपने परिवार के साथ बगवाडा में रहता है।उसका भाई अपने परिवार के साथ अलग घर मे अपना रह रहा है। आरोप है उसका भाई एक आपराधिक प्रवृती का व्यक्ति है जो हमेशा अपराध करने की ताक मे रहता है। उसे कई बार समझाने का प्रयास किया है। इस बात को लेकर वह रंजिश रखने लगा है। 12 फरवरी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## आईटीबीपी जवान और उसके परिजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने आईटीबीपी में कार्यरत अपने पति सहित सास व देवर के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह 25 फरवरी 18 को जिला चम्पावत में सम्पन्न हुआ था। पति पवन भट्ट व सास पुष्पा भटट तथा देवर विकास भटट के साथ वह अपनी ससुराल वार्ड शास्त्री नगर, टनकपुर मे निवास करती रही। 2 दिसम्बर 2018 को उसने व उसके पति पवन भटट पुत्र घनश्याम भटट ने विधिवत रजिस्ट्रार जिला चम्पावत के सम्मुख अपना वैवाहिक रजिस्टेशन करवाया। पति जो आईटीबीपी में कास्टेबल के पद पर तैनात है अक्सर अवकाश में अपने घर आता था। आरोप है सभी उसको कम दहेज लाने और एक कार तथा सोने की चैन की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक यातनाए देते थे। उनके कृत्यो के सम्बन्ध में परिवार न्यायाधीश रूद्रपुर के न्यायालय में उसने अपने भरण पोषण हेतु पूर्व में वाद प्रस्तुत किया था वहीं उसके पति द्वारा भी वाद प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय के सम्मुख पति द्वारा लिखित आश्वासन दिये जाने व ससुराल से राजीनामा के पश्चात वह ससुराल चली आई थी। पति के डयूटी में जाने के पश्चात सास तथा देवर पुन: परेशान करने लगे। आरोप है पति पवन भटट शराब व ड्रग्स आदि का सेवन करता है। 21 फरवरी 22 को उसे यह धमकी दे कर घर से निकाल दिया कि अगर तू अपने घर से एक कार और सोने की चैन लेकर नही आयी तो तुझे नही रखेंगे। तब से अपने माता पिता पर निर्भर है। अब उसे भरण पोषण के लिये ससुरालियों से 15 हजार रूपया प्रतिमाह (शेष पृष्ठ सात पर)

## पर्यटकों की कार में भड़की आग

देहरादून(उद संवाददाता)। हरियाणा से घूमने आए पर्यटकों की कार आग से पूरी तरह जल गई। समय रहते कार सवार नीचे उतर गए। जिससे उनकी जान बच गई। पुलिस के अनुसार, हरियाणा के जींद जिला निवासी जयवीर व उनके दोस्त नरेश घूमने के लिए मसूरी जा रहे थे। वह कैंट कोतवाली होते हुए किमाड़ी के रास्ते मसूरी की ओर निकले। तभी टायर फटने से कार (शेष पृष्ठ सात पर)



# हम युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे:धामी

## नकलरोधी कानून लागू होने के बाद शांतिपूर्ण हुई पहली भर्ती परीक्षा

देहरादून। भर्ती परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सवाल उठाए कि आखिर कौन हमारे बच्चों के भविष्य को बर्बाद करना चाहता है। यह प्रश्न हम सभी के मस्तिष्क में है। हमें इसका उत्तर ढूंढना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में काम कर रही है। हम युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। अब जो कोई भी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करेगा, उसे उम्र कैद या 10 साल की सजा दी जाएगी। साथ ही संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। इन दिनों भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी को लेकर बेरोजगार युवाओं में आक्रोश है। रविवार को कालसी में यमुना शरदोत्सव क्रीड़ा व सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित शरदोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे लेकर विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आखिर आज तक नकल माफिया की गर्दन पर हाथ क्यों नहीं डाला गया। उन्होंने कहा कि वह जानते थे कि नकल माफिया के विरुद्ध कार्रवाई के निर्णय के बाद हमें डराने की कोशिश की जाएगी। साथ ही सवाल किया कि किसकी सरकार में आरोपित जेल भेजे गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने से पहले लोग कह रहे थे कि वहां मत जाइए, वहां आपका विरोध होगा। मैंने कार्यक्रम में आने का निर्णय लिया। अगर कोई विरोध करता है तो वह उनसे पूछते हैं कि क्या किसी मुख्यमंत्री ने नकल माफिया को इससे पहले जेल भेजा। अब तक जेल जा चुके



गिरोह के 60 से अधिक लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है। गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर किसकी सरकार ने परीक्षाएं निरस्त की और शीघ्र दोबारा पेपर करवाने की अनुमति दी। अभी राज्य में सबसे सख्त नकल रोधी कानून बनाया गया है। इसमें नकल करवाने और करने वालों के लिए सख्त सजा का प्रविधान किया गया है। नौजवानों के भविष्य के साथ कोई अहित नहीं होने दिया जाएगा। बहुचर्चित लेखपाल-पटवारी भर्ती परीक्षा कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच रविवार को दोबारा कराई गई। राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से 563 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में पंजीकृत एक लाख 58 हजार 210 अभ्यर्थियों में से 65.6 प्रतिशत अभ्यर्थी ही शामिल हुए। आयोग के अनुसार प्रदेश में बनाए गए 498 परीक्षा केंद्रों में कहीं से भी किसी तरह की शिकायत या अशांति की बात सामने नहीं आई। हालांकि, उत्तरकाशी में एक अभ्यर्थी ने प्रश्नपत्र की सील खुली होने का आरोप लगाया, लेकिन आयोग ने आरोप को निर्मूल बताते हुए कहा कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता पूरी तरह संरक्षित रही। उत्तराखंड में नकलरोधी कानून के अस्तित्व में आने के बाद यह पहली परीक्षा थी, ऐसे में सभी की निगाह इस परीक्षा पर लगी हुई थी। इसको देखते हुए आयोग के साथ ही पुलिस ने सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कसर नहीं छोड़ी। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि प्रश्नपत्रों के परिवहन से लेकर परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधात्रा लागू रही। परीक्षा की वीडियोग्राफी भी कराई गई। कई चरणों की जांच-पड़ताल के बाद अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष तक पहुंचे। इससे पहले यह भर्ती परीक्षा इसी वर्ष आठ जनवरी को कराई गई थी, लेकिन आयोग के निर्लंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने पत्नी रितु व अन्य साथियों के साथ परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र लीक कर दिया था। इससे 12 जनवरी को पर्दा उठा, जिसके बाद आयोग ने परीक्षा को रद कर दिया था।

# सभी भर्ती घोटालों की सीबीआई से जांच कराये सरकार : गोदियाल

## शहीद स्मारक परिसर में धरने पर डटे रहे युवा

देहरादून। बेरोजगार युवाओं पर हुए लाठीचार्ज, युवाओं पर दर्ज मुकदमों के खिलाफ ररिवार को कोंग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमति हेमा पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित घेराव कार्यक्रम में पूर्व प्रदेशअध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार से हमारे उत्तराखंड के भविष्य की मांग यही है कि पारदर्शी तरीके से भर्तियां हों एवं सभी भर्ती घोटालों की सीबीआई से जांच हों, आखिर सरकार की मंशा क्या है, अपनी मांग शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से रखना गुनाह है। वहीं दूसरी तरफ देहरादून स्थित राज्य आंदोलनकारी शहीद स्मारक परिसर पर धरने पर बैठे बेरोजगार आंदोलनकारी युवाओं को उठाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार अपील की गई है। आंदोलनकारी युवा शहीद स्मारक से उठने को राजी नहीं हैं। हालात



ये हैं कि देर रात एसडीएम देहरादून दुर्गापाल आंदोलनकारी छात्रों को मनाने के लिए पहुंचे इस दौरान उन्होंने कहा कि यह स्थान आंदोलन के लिए नहीं है ऐसे में सभी आंदोलनकारी युवाओं से अपील है कि वह जल्द से जल्द शहीद स्मारक को खाली कर दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से तीन वैकल्पिक स्थान दिए जाएंगे यदि वहां आंदोलन चाहे तो वहाँ कर सकते हैं, ऐसा ना करने पर धारा 144 का उल्लंघन होगा जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी नियमों का उल्लंघन करने पर हर एक प्रदर्शनकारी पर मुकदमे दर्ज किए जाएंगे। जिससे कि आगे कई युवाओं का भविष्य बर्बाद हो सकता है। ऐसे में उन्होंने जल्द से जल्द शहीद स्मारक को खाली करने की अपील की है। आपको बता दें कि बेरोजगार युवाओं का एक समूह शहीद स्मारक पर बैठा हुआ है। युवाओं का कहना है कि प्रमुख मांग उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार को रिहा करने की है। हांलाकि प्रशासन के उच्चधिकारियों के अनुसार न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद युवाओं के छूटने पर माहौल बिगड़ सकता है और कानूनी कार्यवाही में दखल नहीं किया सकता है। अब संभवत: सोमवार को जमानत पर निर्णय हो सकता है।

# इस्तीफे के बाद हरीश रावत हुए कोश्यारी के समर्पण के कायल!

देहरादून। महाराष्ट्र में राज्यपाल पद से भगत सिंह कोश्यारी के इस्तीफे को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने चिंताजनक बताया है। कोश्यारी ने भले ही पद से इस्तीफा दिया हो, लेकिन



हरीश रावत ने इसे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का फैसला बताते हुए निशाना साधा है। रविवार को फेसबुक पेज पर पूर्व सीएम हरीश ने इस संबंध में एक पोस्ट साझा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आखिरकार भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से हटा ही दिया। हरीश ने रमेश पोखरियाल निशंक का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि देश को नई शिक्षा नीति देने वाले निशंक को भी बीच में ही पद से हटा दिया गया था। हरीश ने कहा कि इस तरह कार्यकाल के बीच में पट से हटना चिंताएं पैदा करता है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी उत्तराखंड की राजनीति के महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं और हमेशा बने रहेंगे। वह उनके विचारों के नहीं, बल्कि उनके समर्पण के कायल हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद भगत सिंह कोश्यारी को लेकर भाजपा में हलचल है। बेशक कोश्यारी ने राज्यपाल की कुर्सी त्यागने के बाद एकांतवास में रहकर अध्ययन करने की इच्छा जाहिर की है लेकिन जो खांटी सियासतदां भगतदा को जानते हैं, उन्हें मालूम है कि वह राजनीति से शायद ही दूर रह पाएंगे। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि उनका अगला कदम क्या होगा।इसीलिए सियासी हलकों में यह सवाल तैर रहा है कि कोश्यारी एकांतवास में जाकर अध्ययन में जीवन बिताएंगे या फिर सियासत में एक शक्तिपीठ की तरह अपने समर्थकों की मुराद पूरी करने का माध्यम बनेंगे। पार्टी से जुड़े एक नेता कहते हैं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि भगतदा अपना अगला ठिकाना पिथौरागढ़ को बनाते हैं या देहरादून के डिफेंस कालोनी में अपने किराये के घर को। फिलहाल कोश्यारी की घर वापसी को लेकर सियासी निहितार्थ टटोले जाने लगे हैं।भगत सिंह कोश्यारी को बहुत महत्वाकांक्षी राजनेताओं में माना जाता है। वह भाजपा के अकेले ऐसे नेता है जिन्होंने अपनी राजनीतिक सक्रियता में ढलती उम्र को बाधा नहीं बनने दिया। उम्र की जिस दहलीज पर आकर राजनेता सक्रिय राजनीति से दूरी बना लेते हैं, कोश्यारी लगातार सक्रिय रहे और राज्यपाल तक की कुर्सी तक पहुंचे। उनके बारे में यह माना जाता है कि जब-जब भाजपा सत्ता में होती है कोश्यारी चुप नहीं बैठे। नित्यानंद स्वामी और जनरल खंडूड़ी सरकार में उलटफेर में उनकी भूमिका किसी से छुपी नहीं है। वह विधायक, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, सांसद सभी ओहदों पर रह चुके हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो पार्टी की परंपरा के लिहाज से राजनीति में 80 वर्ष की आयु पार इस नेता के लिए मार्गदर्शक मंडल में ही जगह बचती है। ऐसे में सवाल है कि उनका अगला पड़ाव क्या होगा? कई दशकों की सियासत के बाद कोश्यारी के पीछे समर्थकों की एक बड़ी फौज है। जब कोश्यारी राज्यपाल थे, तब सांविधानिक पद की मर्यादाएं थीं। इसके बावजूद उनके अनुयायियों और उनके बीच प्रोटोकॉल कभी आड़े नहीं आया। वह जितनी बार भी देहरादून आए, उन्होंने राजभवन या राज्य अतिथि गृह की मेहमाननवाजी के बजाय अपने किराये के घर में वक्त गुजारा और घर पर जुटने वाली समर्थकों की भीड़ को पसंद किया। अब तो वह ऐसे सभी बंधनों से मुक्त हैं। ऐसे में उन समर्थकों के लिए वे ऑक्सीजन की तरह होंगे, जो सरकार में सत्ता प्रसाद के आकांक्षी हैं। कोश्यारी के रूप में ऐसे समर्थकों के लिए दरवाजा खुल गया है। वे कोश्यारी को ऐसे शक्तिपीठ के रूप में देखना चाहेंगे जहां माथा टेककर वह अपनी मनचाही मुराद पूरी कर सकें। एक सवाल यह भी तैर रहा है कि उत्तराखंड की सियासत में भगत सिंह कोश्यारी की वापसी से क्या उनके शिष्य सीएम पुष्कर सिंह धामी को ताकत मिलेगी? कोश्यारी को धामी पिता तुल्य मानते हैं। धामी के सीएम की कुर्सी तक पहुंचने में कोश्यारी की अहम भूमिका रही है। प्रश्न यह है कि सत्ता और सियासत के चक्रव्यूह को भेदने में जुटे धामी के लिए कोश्यारी क्या कृष्ण की भूमिका में होंगे? यह छुपा तथ्य नहीं है कि धामी को पार्टी के अंदर और बाहर अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों और सियासी विरोधियों से लोहा लेना पड़ रहा है। ऐसे में कोश्यारी की चाणक्य नीति क्या अपने शिष्य की राजनीतिक यात्रा को और सहज बनाने में मददगार साबित होगी या कोश्यारी एक अलग शक्ति ध्रुव बनकर अपने शिष्य की चुनौती को और कड़ा बना देंगे। ये सब आने वाला वक्त तय करेगा।



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# जहां संकल्प वहां कुछ भी असंभव नहीं : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते





हुए कहा कि संकल्प की शक्ति अपरिमित है। संकल्प कालजयी है संकल्प की गति अबाध हैं जहां संकल्प है, वहां कुछ भी असंभव नहीं है। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की अभेद शक्ति भी मनुष्य के संकल्प को रोक नहीं सकी ओर व्यक्ति चन्द्रमा तक पहुंच गया। उन्होंने कहा संकल्प मनुष्य की आन्तरिक शक्तियों का सामूहिक निश्चय है एक बार अगर ये शक्ति जग जाए तो सृष्टि की पूरी ताकत भी इसे परास्त नही कर सकती।उन्होंने कहा कि धार्मिक कथाएं, पौराणिक गाथाऐं, ऐतिहासिक घटनाएं सभी एक स्वर में संकल्प शक्ति रूपी इस महाशक्ति की क्षमता को प्रभावित करते हैं। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का प्रारंभ संकल्प मंत्र से ही होता है। अर्थात मनोवांछित इच्छा प्राप्त करने के लिए शुभ कार्य का आरंभ एक शुभ संकल्प से ही होता है। संकल्प शक्ति का यदि संधि विच्छेद किया जाए तो स्वयं कल्प होता है कल्प यानि कितने युग बितने के बाद कल्प आता है यह बता रहा है कि मनुष्य किसी कार्य को असंभव इसलिए कहता है क्योंकि उसे लगता है कि यह कार्य उसके जीवन में पूरा नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों ने हमें मात्र संकल्प नहीं 'तनमे मन: शिव संकल्पमस्तु'के आधार पर शिव अर्थात कल्याण कारी, सुंदर व सत्य संकल्प करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सबसे महान व्यक्ति वह है जो दृढतम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है। जो व्यक्ति उघोग वीर है व कारे वाग्वीर व्यक्तियों पर अधिकार जमा लेता है। जिसे हमारा हृदय महान समझे वह महान है आत्मा का निर्णय सदा सही होता है। किसी का तिरस्कार ना करें, किसी को भी नुकीले व्यंग बाण ना चुभाये ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे । किसी का दिल दुखे या प्रेम एकता और सद्भाव नष्ट हो जाए, अशांति हो जाए कलह क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाये । हमारे हदय उदार व विशाल होने चाहिए ।महाराज श्री के दर्शनार्थ काफी संख्या में भक्तजन पहुंचे।

# स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (दर्पण संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/सेवन के विरुद्ध अभियान के तहत थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी



के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा सायंकालीन गश्त के दौरान अखलाक जनरल स्टोर के सामने वाली गली उत्तर उजाला बनभूलपुरा से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना नाम पता शादाब हुसैन उर्फ मुल्ला पुत्र इश्तियाक अहमद निवासी इरशाद मैरिज हॉल वाली गली इंदिरा नगर बनभूलपूरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने उसके विरुद्ध नेमुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शादाब पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उ नि सादिक हुसैन, कानि. मुन्ना सिंह तरह दिलशाद अहमद शामिल थे।

# हर वर्ग को जोड़कर बनाया गया बजट: इंतजार

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



इन्तजार हुसैन ने प्रेस वार्ता करते हुए केंद्रीय बजट पर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2023 2024 का आम बजट पेश किया है जिसमें उन्होंने मध्यम वर्ग को बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को इस बजट से जोड़ा है जोकि सराहनीय है, मंत्री जी ने 7 लाख रुपए की वार्षिक कमाई करने वाले को बड़ी राहत दी है इसमें देश का एक बहुत बड़ा कारोबारी नौकरी पेशा आता है जिसको बड़ी संख्या में आयकर छूट से लाभ मिलेगा इन्हें अब 7 लाख की वार्षिक इनकम तक कोई आयकर देना नहीं होगा साथ ही इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर पांच कर दी है जो एक सराहनीय कदम है जिसमें वित्त मंत्री जी ने महिला बचत सम्मान योजना भी इस आम बजट में दी है जिसमें महिलाओं को बचत करने के लिए बचत को प्रोत्साहित करने के लिए मील का पत्थर यह योजना साबित होगी इस योजना में 7.5 फीसदी का सालाना ब्याज भी मातृशक्ति को प्राप्त होगा इस योजना से महिलाओं में जागरूकता आएगी और अपनी बचत करने का भी फायदा होगा साथ ही वित्त मंत्री जी ने देश के किसानों का ध्यान रखते हुए किसानों के लिए श्री अन्न योजना लागू की है इस योजना के तहत ऐसे किसान जो मोटे अनाज का उत्पादन करते हैं उनको बढ़ावा मिलेगा किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। उन्होंने वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

# जैन ग्लोबल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जैन ग्लोबल स्कूल किच्छा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का दो वर्गों में विभाजन किया गया। वर्ग (अ)में 4 से 6 वर्ष तक स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चों ने अपनी मनोवृत्तिओं को कला पृष्ठ पर बखूबी उकेरा। इस कार्यक्रम में विद्यालय एवं बाहर से आए हुए छात्रों का भी जैन ,श्रीमती अंकिता जैन तथा शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योति छाबड़ा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र दिए।इसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति



की उम्र के बच्चों ने भाग लिया जिसका विषय काल्पनिक चित्रण रहा तथा वर्ग (ब) में 7 से 10 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया जिसका विषय जिसका विषय प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण रहा। इस कला प्रतियोगिता में अन्य महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय द्वारा अभिभावकों का धन्यवाद किया गया कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय एवं योगदान विद्यालय के इस कार्यक्रम को करने में दिया।उसके पश्चात विद्यालय संचालिका श्रीमती हर्षिता पर शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योति छाबड़ा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें विद्यालय की संचालक श्रीमती हर्षिता जैन , श्रीमती अंकिता जैन तथा शाखा प्रबंधक ज्योति छाबड़ा कार्यक्रम के अंत तक उपस्थित रहीं।

# ढाई किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने नशे के कारोबारी को दबोच कर उसके कब्जे से ढाई किलो गांजा बरामद किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ग्राम लालपुर थाना कुंडा निवासी इरफान अली उर्फ बबलू पुत्र लियाकत को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 2 किलो 59 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस की गाड़ी पूछताछ में पकड़े गए नशा कारोबारी ने बताया कि वह पर्वतीय क्षेत्र से गांजे की खेप लाकर यहां आस-पास के क्षेत्रों में खुदरा बिक्री किया करता है। पुलिस ने आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद तस्कर का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया।

# दर्जनों बार जेल की हवा खाने के बावजूद महिला बेखौफ कर रही नशे का कारोबार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में जहां एक ओर नशे के सौदागरों को चिन्हित कर लगातार उन्हें सलाखों के पीछे कर रही है वही अवैध चरस के गैरकानूनी कारोबार से जुड़ी भाभी नामक एक महिला पुलिस के अभियान को पलीता लगाने में जुटी है। एनडीपीएस एक्ट में पूर्व में आधा दर्जन से अधिक बार जेल की हवा खा चुकी भाभी के हौसले आज भी बुलंद है। सूत्रों का कहना है कि वह डंके की चोट पर आज भी विजय नगर नई बस्ती स्थित मकान से मुंह मांगे रेट पर सुल्फा बेचकर युवाओं को गर्त में झोंकने का काम कर रही है। मजे की बात तो यह है कि अभी हाल फिलहाल उसके पुत्र को पुलिस ने एनडीपीएस के आरोप में जेल भेजा था लेकिन इसके बात भी महिला हरकतों से बाज नहीं आ रही है। सूत्र बताते हैं कि पोस्टमार्टम हाउस के सामने मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती में झुन्नी नामक महिला नशा सामग्री बेचने के मामले में बदनाम थी। सूत्रों की मानें तो पिछले लगभग चार दशक से भी अधिक समय से वह सुल्फा बेचने का काम करती थी। कुछ वर्ष पूर्व वृद्धा की मौत हो गई इसके बाद उसकी बहू यानी भाभी नामक महिला ने कारोबार संभाल लिया। जानकार बताते हैं कि भाभी नामक महिला के तार बिजनौर बरेली व मुरादाबाद के अंतराज्यीय नशा तस्करों से जुड़े हैं। जानकार बताते हैं कि तीन लाख से पांच लाख के करीब सुल्फा की खपत अकेले भाभी के यहां से होती है। नशे के कारोबार से जुड़ी महिला के मकान के करीब पॉलिटेक्निक के अलावा उदय राज हिंदू इंटर कॉलेज होने की कारण स्कूली छात्र भी तेजी से नशे का शिकार हो रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि नशे के खिलाफ चलाए अभियान के बाद से पुलिस की सक्रियता होने के बावजूद भाभी कानून को खुलेआम चुनौती दे रही है। आखिर महिला किसी सह पर धड़ल्ले से नशे का कारोबार कर रही है यह भी यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# बेंगलुरू से साईबर ठग को किया गिरफ्तार

## म्युचुअल फंड में निवेश करने का झांसा देकर हड़पे थे एक करोड़

देहरादून। वेबसाइट के जरिये निवेश कर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर साईबर ठगों ने देहरादून निवासी व्यक्ति से एक करोड़ रूपए हड़प लिए थे। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने आरोपी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। वेबसाइट के जरिये निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साईबर ठगों ने देहरादून निवासी व्यक्ति से एक करोड़ रूपए हड़प लिए थे। जिसके बाद पुलिस में इस बात की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने साईबर ठगों को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक कैंट निवासी आशुतोष भारद्वाज को छह मई 2022 को वाट्सएप पर एक मैसेज आया। लीसा नामक व्यक्ति ने मलेशिया से मैसेज भेजा था। आरोपित ने आशुतोष को एक वेबसाइट पर म्युचुअल फंड में धनराशि लगाकर लाभ कमाने का लालच दिया था। जिसके बाद उसके एक करोड़ रूपए हड़प लिए थे। आशुतोष भारद्वाज को एक करोड़ निवेश के बदले एक करोड़ 79 लाख रुपये मिलने का लालच दिया गया। जिसमें उन्होंने 10 हजार रुपये से निवेश की शुरुआत की। जिसके बाद 31 अक्टूबर तक उन्होंने एक करोड़ रुपये निवेश कर दिए। लेकिन उन्हें निवेश करने के बाद कुछ भी नहीं मिला। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने इसकी सूचना साइबर थाने में दी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसटीएफ ने आरोपी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। घटना में इस्तेमाल मोबाइल नंबर व खातों की जानकारी जुटाई। इनमें एक खाता आरोपित महमीद सरीफ निवासी मार्केट रोड, बड़ा उडिपि, कर्नाटका का पाया गया। पुलिस टीम ने आरोपित के बारे में जानकारी जुटाने के बाद उसे शुक्रवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से एक लैपटाप, तीन मोबाइल फोन, 11 डेबिट कार्ड, तीन क्रेडिट कार्ड कई बैंकों की पासबुक व आधार कार्ड, पेन ड्राइव व ट्रेवल कार्ड बरामद हुए हैं।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारंभ

## प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने लाभार्थियों दी शुभकामनायें

बाजपुर( उद संवाददाता)। जनपद प्रभारी एवं प्रदेश के कृषि कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को बाजपुर स्थित ब्लॉक कार्यालय में आयोजित में 'मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना' का शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पौड़ी में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के प्रसारण को भी मंत्री जोशी ने सुना। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने कहा कि लाभार्थियों का बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2022 में चुनावों के दौरान अपने घोषणा पत्र में कहा था कि सरकार बनने पर प्रदेश के (1.84 लाख) अंतोदय कार्ड धारक परिवारों को सालाना 3 निशुल्क गैस रिफिल का लाभ दिया जाएगा। धामी सरकार ने अपने वादे को पूरा करते हुए पिछले वर्ष जुलाई से ही इसे प्रदेश में लागू कर दिया था। मंत्री जोशी ने इस योजना के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। मंत्री जोशी ने कहा मुख्यमंत्री अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना से जनपद ऊधम सिंह नगर में प्रचलित अन्त्योदय योजना के कुल 17445 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का लाभ जनपद में कार्यशील कुल 36 गैस एजेन्सियों के माध्यम से करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत अन्त्योदय लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल 2022 से जुलाई के मध्य प्रथम, माह अगस्त से नवम्बर के मध्य द्वितीय तथा माह दिसम्बर से मार्च 2023 के मध्य तृतीय नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध करायी जा रही है। मंत्री जोशी ने कहा इस योजना के तहत अध्यतन आई०ओ०सी० कम्पनी द्वारा 12031, बी०पी०सी० द्वारा 7261 एंव एच०पी०सी० द्वारा 2095 कुल 21387 रिफिल नि:शुल्क अन्त्योदय लाभार्थियों को उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना के तहत सरकार द्वारा रूपया 21872846 (दो करोड अट्ठारह लाख बहत्तर हजार आठ सौ छियासी रूपया) धनराशि की रिफिल उपलब्ध करा दी गयी है। मंत्री जोशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर वर्ग की चिंता करते हैं उन्होंने कहा जहां प्रधानमंत्री किसान की चिंता करते हैं वह इस सीमा पर खड़े जवान की भी चिंता करते हैं। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार लगातार गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। देश के करीब 80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन उपलब्ध किया जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए प्रदेश में धामी सरकार देश का सबसे नकल विहीन कानून बनाया है। जिसमें कोई गड़बड़ी होने पर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। मंत्री जोशी ने कहा धामी सरकार का संकल्प है कि सही को हम छेड़ेंगे नही, गलत को हम छोड़ेंगे नहीं। मंत्री जोशी ने कहा आज प्रदेश में विधवा पेंशन में बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार कृषि के क्षेत्र में मिलेट्स को देश दुनिया तक अपने स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा आज जिस मंडवा अमीरो की थाली में परसो जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा प्रदेश में 50 हजार स्वयं सहायता समूह है।इसमें 6 लाख महीने जुड़ी हुई है। मंत्री ने कहा इस समूह के माध्यम से किसान के घर से मुंडवा खरीदा जाएगा। जिससे जो संकल्प हमारा है कि 2025 में सवा लाख बहनों को लखपति बनाएंगे उसमे भी कारगर सिद्ध होगा। गौरतलब है कि आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पौड़ी में मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल, डीएसओ तेजबल, उपजिलाधिकारी बाजपुर, महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष उमा जोशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।





# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

सितारगंज( उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकताओं ने रामलीला मैदान व नगरपालिका परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनको याद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रदांजलि अर्पित की। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत की एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने अपने कार्यों एवं विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। वह जन संघ नामक बड़ी पार्टी के अध्यक्ष थे । इसे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी भाजपा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने भारत की आजादी के बाद लोकतंत्र को अलग परिभाषा देते हुए देश के निर्माण के लिए कई कार्य किये। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश त्यागी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का निर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। आज के दिन उनकी मृत्यु हुई थी पार्टी ने तय किया है कि पूरे देश में उनका निर्माण दिवस प्रत्येक बूथ पर मनाया जाएगा। नगर पालिका परिसर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा निर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल व मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान के साथ सितारगंज विधानसभा के बूथ संख्या 77, 78 के समस्त पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं समर्पण निधि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आदेश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, महामंत्री अमित रस्तोगी, सोनू गुप्ता, दीपक गुप्ता, अभिषेक जैन, सतेंद्र दिवाकर, ललित सक्सेना, अरविंद श्रीवास्तव, अरविंद चौरसिया, इकबाल सिंह भुल्लर, चंदन श्रीवास्तव, चन्दन कश्यप आदि मौजूद रहे।



# मौर्य एकेडमी में मिशन कैरियर का शुभारंभ


गदरपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र की प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्था मौर्य एकेडमी सेना और पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित एक ऐसी संस्था है जहां पर बच्चों के कैरियर के लिए सभी प्रकार की शिक्षा ,खेलकूद, कंप्यूटर एवं सेना / पुलिस में भर्ती के लिए फिजिकल की ट्रेनिंग और सरकारी नौकरियों से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाता है। मौर्य एकेडमी में आज छात्र छात्राओं के लिए मिशन कैरियर का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुलाम गौस चेयरमैन नगर पालिका गदरपुर एवं विशेष अतिथि सनड्राप शिप कंपनी के डायरेक्टर अरविंद कुमार के द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत एकेडमी की ओर से निशुल्क टेबलेट और अध्ययन सामग्री एकेडमी के छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि गुलाम गौस चेयरमैन गदरपुर के द्वारा वितरित कराई गई जिससे कि बच्चों में पढ़ने की जिज्ञासा जागृत हो और बच्चों का शिक्षा के प्रति रुझान उत्पन्न हो और बच्चे अपने भविष्य को सफल बना सकें। एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि मौर्य अकेडमी गदरपुर क्षेत्र की एकमात्र ऐसी एकेडमी है जहां पर सभी सरकारी नौकरियों की लिखित परीक्षा के साथ-साथ फिजिकल ट्रेनिंग भी कराई जाती है एवं कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन पेपर, ऑफिस मैनेजमेंट, हिंदी इंग्लिश टाइपिंग ,बेसिक कंप्यूटर ,टैली जैसे कोर्स भी कराए जाते हैं बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अकैडमी में खेलकूद का प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिसमें एथलीट एवं क्रिकेट एकेडमी के बच्चे रणजी ट्रॉफी , बोर्ड प्लेयर में अपना स्थान बना चुके हैं सेना एवं पुलिस की भर्तियों में फिजिकल में एकेडमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है मिशन कैरियर के शुभारंभ पर वर्ष 2023 में सीआईएसफ ,बीएसएफ ,रेलवे ग्रुप डी की फिजिकल परीक्षा में चयनित छात्र छात्राओं को चेयरमैन द्वारा सम्मानित भी किया गया सभी ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन उधम सिंह नगर के सचिव नूर आलम, एकेडमी से कोच इंद्रनील कर, बंटी, संदीप कौर ,नेहा, शाजिया उपस्थित रहे।



# आत्म सम्मान की रक्षा को तत्पर रहे ब्राह्मण समाज:त्रिवेदी


## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे ब्राह्मण समाज ने अपने आत्मसम्मान से कोई भी समझौता ना करने की हुंकार भरी। रविवार को ट्रांजिट कैम्प स्थित नेता जी सुभाष पार्क परिसर में उत्तराखंड समेत देश भर से आये ब्राह्मण समाज ने राष्ट्रीय अधिवेशन में भागीदारी की। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने देशभर के ब्राह्मणों की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि ब्राह्मणों के आत्मसम्मान पर चोट कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अधिवेशन की शुरुआत रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा की उपस्थति में महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मां सरस्वती एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर की। विधायक शिव अरोरा ने सभी आगंतुक ब्राह्मणों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज की बुद्धिमत्ता और जीवटता के कारण ही विपरीत परिस्थितियों में भी सनातन संस्कृति का कोई भी बालबांका नहीं कर सका।अधिवेशन में आये सभी अतिथियों को महासभा द्वारा पीले रंग की दोषाला भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिवेशन में आयोजक महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष पंडित सुरेश चन्द्र शर्मा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री महेश शर्मा, दिनेश दुबे, डा.अमिता उप्रेती, बीडी शर्मा, डा.दीपक गुड़िया, आचार्य गेंदा लाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष रवींद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी ललित शर्मा, संजीव शर्मा, ममता त्रिपाठी, देवेन्द्र शर्मा, पुनीत तिवारी, जुगल किशोर गोस्वामी, संजय चतुर्वेदी, नितिन कौशिक, अरुण शर्मा, विशाल शर्मा समेत ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राहुल भारद्वाज ने किया।





ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur



शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण

# वीडी शर्मा को मदन मोहर मालवीय की उपाधि से नवाजा

रूद्रपुर( उद संवादाात)। ट्रांजिट कैम्प में आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन महासभा में मुख्य अतिथि निदेशक एफसीआई दिनेश दुबे, राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी, विधायक शिव अरोड़ा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद शर्मा ,उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल पाठक ने प्रांतीय संरक्षक वीडी शर्मा को मदन मोहन मालवीय की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर गोस्वामी ,युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, महानगर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, डॉक्टर संजीव शर्मा, डॉक्टर राहुल शर्मा, सुरेश शर्मा, नितिन कौशिक, डॉ श्रीमती दीपिका गुड़िया, संजय चतुर्वेदी, आचार्य पंडित पंडित, गेंदालाल शर्मा, सरिता शर्मा, हरिओम शर्मा, राजेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, विशाल शर्मा, हर पाल शर्मा, हरिनंदन जोशी, सुनीता पांडे, डॉक्टर संजीव शर्मा, ममता तिवारी, श्रीमती डॉक्टर अमिता उप्रेती, ,सुभाषिनी द्विवेदी,गीता शर्मा ,सरोज उपाध्याय ,विद्या शर्मा,पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।



# बजट में अल्पसंख्यक समाज का रखा गया ध्यान: अंसारी

किच्छा( उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र में बजट 2023 ;24 पर चर्चा और विचार गोष्ठी कार्यक्रम के तहत में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद उधम सिंह नगर के



प्रभारी जहीर अंसारी ने सिरौली कला, रजा नगर, किच्छा ,दरऊ आदि क्षेत्रों में बजट पर चर्चा एवं विचार गोष्ठी में प्रतिभाग किया। श्री अंसारी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2023 – 24 का आम बजट पेश किया है। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय को बजट में मिलने वाली राहत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अल्पसंख्यक के मंत्रालय के लिए 3097 करोड़ रुपया, 433 करोड़ प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, 1065 करोड़ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए दिए गए। प्रधानमंत्री जन विकास योजना में 600 करोड़ रुपए क्षेत्रों में विकास कार्य को दिया गया है। आधुनिक शिक्षण और संस्थानों में स्कूली बुनियादी ढांचा के लिए सहायता के रूप में 10 करोड़ रुपया रखें। उन्होंने कहा इस बजट में युवा, किसान व मध्यवर्ती परिवार पर विशेष ध्यान दिया गया है। आर्थिक वातावरण विकास मिशन शुरू करना, पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा देना, महिला सम्मान पत्र, वरिष्ठ नागरिक लाभ, किसानों को प्राकृतिक कृषि फसल बीमा संबंधित उपकरणों का अनुदान देना शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उधम सिंह नगर के निवर्तमान कोषाध्यक्ष इश्तियाक खान, जिला मंत्री डॉक्टर हारून मलिक, बाबू अल्वी, हाजी अफसर अली, अजीम अली, डॉ. मतलूब अहमद अल्वी, मुर्तुजा हसन, मो. नाजिम, शराफत अली, मुन्ना कुरैशी, इमरान अहमद, हाजी शकील अहमद कुरेशी, अब्दुल कादिर, अनीस अंसारी आदि ने अपने विचार रखे।

# हजारों की नगदी के साथ चार जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी क्षेत्र में सार्वजनिक रूप से रुपयों की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं चार जुआरियों को पुलिस ने हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मंडी चौकी इंचार्ज गुलाब सिंह कंबोज के नेतृत्व में गठित पुलिस का. वीरेंद्र सिंह व अरुण राठौर द्वारा मंडी परिसर क्षेत्र में गश्त के दौरान सार्वजनिक रूप से रुपयों की बाजी लगाकर ताश खेल रहे चार जुआरियों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता प्रदीप सिंह, पुत्र शिवराज सिंह निवासी वार्ड 13 थाना खागा फतेहपुर, हाल पता नैनी फ्रूट सब्जी मंडी, सीताराम पटेल पुत्र छोटू पटेल निवासी उपरोक्त हाल विकास



ट्रेडिंग कंपनी मंडी, पप्पू साहू पुत्र रामबाबू साहू पता उपरोक्त हाल मंडी तथा प्रमोद पटेल पुत्र राजाराम पटेल पता उपरोक्त हिमालय फूड मंडी बताया। पुलिस न ए मौके से ताश के 52 पत्ते व कुल नकदी 4750 रुपए बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए चारों जुआरियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कापड़ी ,हृदयेश व पनेरू ने किया आंदोलन का समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड युवा एकता मंच द्वारा भर्ती घोटाले के विरोध में किया जा रहा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचकर उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश, प्रदेश महासचिव हरीश पनेरु, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू आदि नेताओं ने समर्थन दिया। इस मौके पर गौरव जयसवाल बजेला ने कहा राज सरकार हर मोर्चे फेल हो रही है भर्ती घोटाले की जब तक सीबीआई जांच नहीं होगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर राहुल पंत, रोहित जोशी, दीपचंद सोहेल, अमन राठौर, अमित पांडे, सचिन राठौर, पंकज कुमार, शंकर सिंह राणा, राकेश पांडे, कमल चंद, शोभित कुमार आर्य, कमल आर्य, गौरव कुमार, जितेंद्र सिंह, नीरज भट्ट आदि युवा मौजूद थे।



उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सर्वांगीण विकास की योजनायें

जन कल्याणकारी सरकार का पहला गुण यही है कि वह सभी समुदायों को साथ लेकर चले और सबके लिए समान विकास की योजनाएं बनाए।इसी मकसद से प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था। समय-समय पर इस जरूरत को रेखांकित करते और इसी के मुताबिक योजनाएं तैयार करने का प्रयास भी करते रहे हैं। अभी मुंबई में दाउदी बोहरा समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर जिस तरह उन्होंने इस समुदाय के साथ अपने दशकों पुराने संबंध का उल्लेख किया, उससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ कि वे मुसलिम समुदाय से भी उतना ही जुड़ाव महसूस करते हैं, जितना दूसरे समुदायों से। वे बार-बार रेखांकित कर चुके हैं कि देश का सर्वांगीण विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक मुसलिम समुदाय को भी साथ लेकर न चला जाए। जब फिल्म उद्योग पर संकीर्ण हमले शुरू हुए थे, तब भी उन्होंने इस बात पर बल दिया था। मगर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी संगठन इस तकाजे को कितनी अहमियत देते हैं, यह मूल्यांकन का विषय है। यह आरोप आम है कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मुसलिम समुदाय को लक्ष्य बना कर उपद्रव करने का प्रयास करते हैं। ऐसे अनेक नेताओं के नाम इस कड़ी में लिए जा सकते हैं। वे प्रधानमंत्री में आए इस बदलाव से कितना प्रभावित होंगे, देखने की बात है। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इसकी तैयारियों में भाजपा जुट गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसके लिए प्राथमिक रणनीति भी बना ली गई। अभी तक यही तथ्य है कि मुसलमान मतदाता भाजपा से दूरी बनाए रखते हैं। कई जगहों पर इसका नुकसान भी भाजपा को उठाना पड़ता है। इस दृष्टि से कुछ लोग कह सकते हैं कि चुनाव नजदीक आता देख प्रधानमंत्री मुसलमानों को अपने पाले में करने के लिए ऐसा कह रहे हैं और उनके कार्यक्रमों में भी शिरकत कर रहे हैं। जो भी हो, अगर प्रधानमंत्री का अनुकरण करते हुए भाजपा अपने विचारों और व्यवहार में बदलाव करती है, तो निस्संदेह इसका लाभ उसे मिलेगा। मगर इसके लिए उसे हिंदुत्व का मोह त्यागना पड़ेगा। वह कैसे होगा, इस पर पार्टी को नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। प्रधानमंत्री जिस विकास की बात करते हैं, हकीकत यही है कि उससे मुसलिम समुदाय को अलग नहीं किया जा सकता। औद्योगिक उत्पादन में इस समुदाय का बड़ा योगदान है, जिसे अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। अनेक ऐसे पेशे हैं, जो इसी समुदाय के बल पर टिके हुए हैं, उन्हें विकास की कड़ी से हटाया नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री इस हकीकत से वाकिफ हैं, पर भाजपा के दूसरे नेता और कार्यकर्ता इसे कब स्वीकार करेंगे, देखने की बात है। यह ठीक है कि भाजपा का प्रमुख चेहरा प्रधानमंत्री हैं और उन्हीं के करिश्माई व्यक्तित्व के बल पर पार्टी को सफलता मिलती रही है। मगर पार्टी का टिकाऊपन उसके सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों से तय होता है। व्यवहार में पार्टी के बहुत सारे नेताओं और कार्यकर्ताओं का रुख मुसलिम विरोधी ही नजर आता रहा है। इसे बदलने का प्रयास पार्टी नेतृत्व ही कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले तो अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के व्यवहार में संयम और समन्वय लाने का प्रयास करना होगा। ऐसे में प्रधानमंत्री के सबका साथ और सबका विकास का सूत्र बहुत कारगर साबित हो सकता है। अगर पार्टी ऐसा कर पाती है, तो सचमुच लोगों में यह भरोसा पैदा होगा कि यह केवल नारा नहीं, धरातल पर भी उतर रहा है।

# जल्द सड़क नही बनाई तो पुनः ग्रामीण करेंगे आमरण अनशन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। धुराफाट क्षेत्र के तल्लासेरा-सिमतोली, मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर आंदोलन की राह चलने को मुखर हो गए है,क्षेत्र के साता प्यारा के ग्रामीण गांव में सड़क निर्माण नही होने से परेशान है,ग्रामीण सड़क नही बन पाने से पलायन को मजबूर है, वही ग्रामीणों को आपात स्थिति में मरीजों और बुजुर्गों को सड़क तक लाने के लिए चार किमी की खड़ी पहाड़ी की दूरी तय करनी पड़ती है, लोग डोली से बुगुर्गो को लाते ले जाने को मजबूर है,सरकार गांव गांव सड़क पहुँचाने का दावा कर रही है वही ग्रामीणों द्वारा विधायक मंत्री डीएम और मुख्यमंत्रीऔर प्रधानमंत्री तक सड़क निर्माण की मांग करने के बाद भी अब तक ग्रामीणों की कोई सुध नही ली गई है।ग्रामीणअब फिर सड़क की मांग को लेकर मुखर हो गए हैं, क्षेत्रीय ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे और प्रदर्शन किया, अब ग्रामीणों ने जिलाप्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क का निर्माण नही करने पर पुनःआंदोलन की चेतावनी दी, ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाप्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया, वही नारेबाजी




कर सांकेतिक प्रदर्शन से सड़क के लिए अब जल्द आरपार की लड़ाई लेने का ऐलान किया, उन्होंने दो टूक शब्दों में पलायन रोकने का दावा करने वाली सरकार पर जबरन पलायन करने को मजबूर करने का आरोप भी लगाया,वही जिला प्रशासन क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री पर ग्रामीणों की अनदेखी करने का आरोप लगाया, वही जल्द गांव के लिए सड़क निर्माण के लिए जल्द सर्वे पूरा कराकर टेंडर नही लगवाने पर पुनः आमरण अनशन करने की बात कही। बिन सड़क जो आए गाँव तो खैर नही, कहकर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर भी तंज कसा,वही जनता दरबार में ग्रामीणों के शिष्टमण्डल ने सड़क निर्माण का ज्ञापन डीएम को सौंपा,और जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की, ग्रामीणों ने सड़क के अभाव में कई मरीजों द्वारा रास्ते मे ही दम तोड़ने,पलायन के चलते गांव में डोली उठाने के लिए भी कोई युवा नही मिलने की बात कही, वही डीएम अनुराधा पाल ने ग्रामीणों को सड़क निर्माण की फाइल फास्ट ट्रैक पर रखवाने और वन विभाग से मामले में भूमि हस्तांतरण सम्बंधी दस्तावेजों को ठीक कराने के बाद जल्द सड़क निर्माण कराने के लिए प्रयास करने की बात कही, इस दौरान सड़क की मांग करने वालों में सिमतोली प्रधान दीपा मेहता,पाना प्रधान गोपाल सिंह,असौ प्रधान नंदन सिंह असवाल,बोहाला के पुरन सिंह, असवाल,हयात सिंह मेहता, गोविन्द सिंह पूर्व प्रधान आनन्द सिंह, दरवान सिंह, जीवन सिंह,शोबन सिंह असवाल,रमेश सिंह,अर्जुन सिंह,आंनद सिंह,पूरन सिंह आदि मौजूद थे।

## सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट के छात्र का क्रिकेट में नॉर्थ जोन के लिए चयन

काशीपुर(उद संवाददाता)। सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज काशीपुर के बीकॉम ऑनर्स के छात्र आदित्य सरना का कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम में नॉर्थ जोन के लिए चयन किया गया । कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा विगत महा अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा के नेतृत्व में चयनकर्ताओं द्वारा विश्वविद्यालय की नॉर्थ जोन के लिए क्रिकेट टीम का चयन किया गया जिसमें एस सी गुड़िया आईएमटी के बीकॉम ऑनर्स के छात्र आदित्य सरना का टीम में चयन किया गया है संस्थान के क्रीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता ने बताया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की चयनित टीम 20 अथवा 21 फरवरी को रुद्रपुर से टीम मैनेजर श्री सुरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा के लिए रवाना होगी। चयनित छात्र आदित्य सरना को संस्थान की चेयरमैन श्रीमती विमला गुड़िया, उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉक्टर दीपिका गुड़िया आत्रेय, एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ नीरज आत्रेय, निदेशक डॉक्टर केवल कुमार, प्राचार्य लॉ डॉ आरएन सिंह, निदेशक प्रशासन पवन कुमार बख्शी, प्राचार्य यू जी डॉक्टर निमिषा अग्रवाल सहित समस्त प्रबंध समिति, फैकल्टी व स्टाफ ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ललित जोशी से मिले सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी


कपकोट(उद संवाददाता)। मानव संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी के कपकोट पहुँचने पर सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और भैंट वार्ता की। लोनिवि विभाग के विश्राम ग्रह में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भैंट किया। समिति के अध्यक्ष ललित जोशी



ने बताया की नशा एक कैंसर की भांति फैल रहा है इसे जड़ से उखाड़ होगा।उन्होंने समाज सेवा में समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों और जागरूकता अभियान की सराहना की। इस मौके पर समिति के महासचिव गणेश उपाध्याय उपाध्यक्ष, गिरिश जोशी, एडवाइजर तनुज तिरुवा, व्यवस्थापक हरीश बिष्ट, सह सचिव हडसन ऐठानी, कपकोट ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवीन कपकोटी, तारा कपकोटी आदि मौजूद रहे।

# वेलेंटाइन डे पर विशेष: 'आई लव यू' बोल पाओगे ?

वैलेंटाइन डे मनाने की एक ही जगह हो सकती है, "मंदिर", "मस्जिद"। जाओ, खड़े हो जाओ जीसस के सामने, और बोलो, "आई लव यू", और कहाँ बोलोगे? और कौन है प्यार के काबिल? तुम्हारा "आई लव यू" सिर्फ एक रोमांटिक छवि को है, एक ऐसी छवि को, जो कहीं है नहीं। जिसको आई लव यू बोल रहे हो, उसके शरीर का ही सत्य अगर बिलकुल खुल जाए, तो तुम्हारा 'आई लव यू', अभी गिर जाएगा, खत्म हो जाएगा। ये तो भली बात है कि शरीर कपड़ों के नीचे छुपा रहता है। ये तो भली बात है, कि भीतर जो मांस-मज्जा है, वो त्वचा के भीतर ही छुपी रहती है। सब अगर अभी खुल जाए, तो बताना 'आई लव यू' बोल पाओगे? और तब अगर आई लव यू बोल पाओ, तो मान लेंगे। यहाँ तो हालत ये रहती है कि तुम आई लव यू बोल पाओ, इसके लिए वो अपने शरीर को और ज्यादा सुसज्जित कर के सामने आती है। छुपा के, झूठ बोल के। इधर से ख्र उधर से, ये तैयारी कर के की आई लव यू अगर पाना है, तो पहले खुद को छुपाना है। सब खुल जाएँ राज, परमात्मा के नहीं, शरीर के ही, जिस शरीर को ही आई लव यू बोल रहे होद्य सब उस शरीर के राज जाहिर हो जाएँ, उसके बाद भी बोल दो आई लव यू, तो ठीक है। बहुत अच्छा लगता है, आज ना वैलेंटाइन डे है तो आज छोटे कपड़े पहनते हैं। अब उसके लिए दस जगह से तो पहले बाल साफ करे। और बिना बाल साफ करे अगर पहन लें छोटे कपड़े तो तुम्हारा आई लव यू गायब हो जाएगा अब कहाँ गया आई लव यू? तुम्हीं ले कर के आये थे, कि ये जरा मिनी स्कर्ट पहनना, अब कहाँ गया आई लव यू? हम शरीर तक का तथ्य तो बर्दाश्त नहीं कर पाते, हम परम सत्य क्या बर्दाश्त करेंगे? ये जितनी तुम परी कथाएं लिखते हो, और शायरियाँ करते हो, उसमें किसी में भी लिखा है, कि मेरी प्रेमिका गंधाती है? सपनों में रोज आती है, ये लिखा हैद्य तुम्हारी ये सारी शायरी, तुम्हारा ये सारा रूमानी साहित्य, झूठ है। जिन आँखों में तुम डूबे जा रहे हो, झील समझ के, अरे उसकी भौंहे तो नकली हैं। वो एक कोई मुँह में डालने की चीज आयी थी, कुछ स्प्रे वगैरह, तो उसमें क्या लिखा हुआ था ख्र ये करें, फिर ये करें, फिर इसे स्प्रे करें मुँह में, और आखिरी में ख्र अब चुम्बन लें। ये है हमारा आई लव यू। कि चूमने के लिए भी, पहले मुँह में, कृत्रिम रसायन डालना पड़ता है। और जाओ तुम चूमने, और उसने अभी अभी अनियन डोसा खाया है, तो चूम के दिखा देना, और बोलना आई लव यू?तो हमारे जीवन की जो जरूरतें हैं, उन्हें कैसे पूरा करेंगे? जैसे कि सेक्सुअल जरूरतें लोग यह सवाल उठाते है सेक्सुअल जरूरतें पूरी हो जाएंगी, पर ये देखो कि तुम उसे परमात्मा बना के बोलते हो, आई लव यू, तुम देख नहीं रहे कि ये परमात्मा कितना बड़ा झूठ है? ये नकली भौंहो वाला परमात्मा है, ये डिओडरंट वाला परमात्मा है। नहीं दिख रहा? और ये, ये सब न करे तो भुला गया परमात्मा। तुम किसी स्त्री या पुरुष के साथ संभोगरत होने जा रहे हो। तुम जानना भी नहीं चाहते कि जिसके साथ तुम कुश्ती लड़ रहे हो, उलट पलट कर रहे हो, बिस्तर तोड़ रहे हो, वो चीज क्या है? शायद इसलिए लोग, बत्ती बंद कर देते हैं । की भला हो दिखे ना। अँधेरे में काम निपटाओ और आगे बड़ो। जैसे जिंदगी



में क्या चल रहा है यह ध्यान नहीं देते वैसे ही ये ध्यान नहीं देते, कि हम किसके साथ जा कर के सो रहे हैं। ध्यान करते वक्त तुम संभोगरत हो जाओ, बढ़िया बात है, सुन्दर बात है। पर कब किया है? ठीक वैसे ही जैसे जब तुम मुर्गा खा रहे होते हो, कभी तुमने देखा थोड़े ही होता है उसकी आँखों में। बस उसकी हड्डियाँ चबा रहे होते हो, उसका मांस चीर रहे होते हो, ठीक वैसे ही जब किसी स्त्री के साथ सम्भोग कर रहे होते हो, उसका मांस चबा रहे होते हो, कभी तुमने उसकी आँखों में थोड़े ही देखा होता है। और हमारी जैसी हालत है, वैसे में तो मांस खाने के लिए जरूरी है, कि मुर्गे की आँखों में ना देखा जाए। वरना खाओगे कैसे? और अगर तुमने स्त्री से, आत्मिक रिश्ता बना लिया, तो सम्भोग ही ना कर पाओगे। तो इसलिए फिर लोग कहते हैं, " आत्मा वात्मा हटाओ। कृष्ण तब हुए तुम, जब प्रकृति से एक होने के लिए, प्रकृति को तुम्हें आवृत ना करना पड़े, तब कृष्णत्व है। जब सामने वाले को पूरी तरह जानते हो, और फिर भी वो प्यारा लगे, तो तुम कृष्ण हुए। हमें तो कोई प्यारा लगता ही इसी शर्त पर है, कि उसका कुछ छिपा हुआ हो। नंगा शरीर तुम्हें उतनी उत्तेजना नहीं देता होगा, जितनी अधनंगा देता है। कभी गौर किया है? कृष्ण तुम तब हुए जब तुम्हें सब दिख जाए, पूर्ण नग्न, एक एक तथ्य जान गए जीवन का। सब खुला सा है। आँखें खुली हुई हैं, मन ध्यानरत है। और फिर कहते हो कि अब होगा रास। तब हुए तुम कृष्ण, ऐसे थोड़े ही कि प्रेम करने के लिए भी चीजें छुपा रहे हैं । हम यहाँ जितने लोग बैठे हैं, ईमानदारी से बताना, हमने सबसे ज्यादा झूठ किस से बोले होंगे जीवन में? सबसे ज्यादा झूठ इंसान किससे बोलता है? जिस से चाहने का दावा करता है, उससे ज्यादा किसी से नहीं। तुम अपनी सबसे ज्यादा झूठी शक्ल किसको दिखाते हो? ऐसा है हमारा प्रेम, वो झूठ पर ही चलता है, उसी पर पनपता है । असल प्रेम ऐसा नहीं होता, ये कह सकते हो, कैसा होता है। सत्य की राह पर चलते हुए तुम्हारा एक स्त्री से कैसा संबंध बनेगा, इसके बारे में अनुमान मत लगाओ। वो बहुत भिन्न हो सकता है। उसकी तुलना करोगे किसी और चीज से तो बहुत परेशान हो जाओगे। क्योंकि फिर तुम्हें ये शक उठने लगेगा कि प्रेम है भी की नहीं। क्योंकि प्रेम तो तुम्हारे हिसाब से तभी हुआ, जब हाथ इत्यादि पकड़ा, खाया पीया, घूमें फिरे, फिर सम्भोग किया, तो कहते हो कि प्रेम हो गया, अच्छा ठीक है। सत्य की राह पर जो प्रेम हुआ, उसका रूप रंग बिलकुल अलग हो सकता है। कोई तुमसे कहता है कि तुम में जितने व्यसन हैं, जितने दुर्गुण हैं, जितनी क्षुद्रताएं हैं, मुझे तो सब प्यारे हैं, क्योंकि तुम मेरे हो। तुम महाबेवकूफ हो, तुमसे ज्यादा कोई जलील नहीं, पर मुझे तुम बहुत प्यारे हो, क्योंकि तुम मेरे हो। बात सुनने में इतनी मीठी लगती है कि वाह, पूरा लाइसेंस मिल गया, बेवकूफ बने रहने का। मेरी चुनिया को तो मेरी बेवकूफियां ही अच्छी लगती हैं। "चुनिया", और क्या नाम होगा? चित्रलेखा थोड़े ही ना होगा। और ये खूब चलता है ना, चुन्नू बेवकूफ है और चुनिया को उनकी बेवकूफियां ही अच्छी लगती हैंद्य चुन्नू घोर अहंकारी है, चुन्नू बेहद ही कब्जावादी है, और चुनिया तो मरी जा रही हैं इसी बात पर, "आई लव द वे ही पजेसेस मी।" तो जान लेना कि ये अब पूतना ही है। प्रेमी वही कर रहा है, जो गुरु का काम है। काट रहा हैद्य तुम्हारे सारे दुर्गुण हटा रहा है, तुम्हारे सारे संस्कारों से तुम्हें मुक्त कर रहा है। और जो ये ना करे, उसको प्रेमी बना मत लेना। हमें प्रेमी वो लगता है, जो हमें? बचाये रखे। "बेटा कैसा भी हो माँ की, आँखों का तारा होता है", जो माँ ये वक्तव्य दे, उस माँ से बचना। वो माँ नहीं है, वो भी? पूतना ही है। ऐसे नहीं चलता की बेटा कैसा भी हो माँ की आँख का तारा ही हो, ये प्रेम नहीं है। गुरु तो दुश्मन जैसा लगता ही है। जो असली प्रेमी होगा वो भी दुश्मन जैसा ही लगेगा। हर वक्त वो कर ही यही रहा होगा, खोंट निकाल रहा होगाद्य क्योंकी, असली प्रेमी, कमियाँ निकालता ही मिलेगा। स्त्री की तरफ भी आकर्षित इसलिए होते हो,, क्योंकि उसके माध्यम से कुछ ऐसा पा लेना चाहते हो जो कुछ आगे का है। वो, वो दे नहीं पाती, तो हताश हो जाते हो। जिस भी वस्तु की तरफ आकर्षित हो रहे हो, तुम्हें वो वस्तु नहीं चाहिए, उसके माध्यम से कुछ चाहिए। वो वस्तु, वो दे नहीं पाती, तुम्हें फिर निराशा मिलती है। 'अपने आप से प्रेम' का अर्थ है, अपनी अपूर्णताओं तो अपूर्णता कहने का साहस रखनाद्य और जब आप ऐसा कहते हो तो आपकी अपूर्नताएं विगलित होने लगती हैंद्य अधिकतर हम ये स्वीकार ही नहीं करते की हम में अपूर्नताएं हैंद्य हम या तो उन्हें छुपाते हैं या ये कहते हैं कि वे अपूर्नताएं हैं ही नहीं।

-आचार्य प्रशान्त
वेदांत मर्मज्ञ, लेखक

# डीएम अनुराधा ने किया भेड़ प्रजनन केंद्र का निरीक्षण

## काश्तकारों और पर्यटन व्यवसाय में लगे हुए लोगों को प्रशासन देगा विशेष सहयोग : डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले के गांवों की तस्वीर अब औद्यानिक पर्यटन (हार्टी टूरिज्म) से बदलेगी। जिलाधिकारी अनुराधा पाल पर्यटन सम्बंधी गतिविधियों में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए स्थानीय क्षेत्रवासियों को विशेष सहयोग प्रदान करेगी,पर्यटन व उद्यान विभाग मिलकर किसानों को सशक्त करेंगे। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ फल, फूल व सब्जी उत्पादन किसानों की आय वृद्ध करेगा। जनपद को अपार प्राकृतिक संपदा से नवाजा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं है।हिमालयी क्षेत्र में लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की,जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जनपद के दूरस्थ क्षेत्र शामा-लीती क्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिकारियों से कहा गांवों के विकास से ही किसी राज्य और देश के विकास का प्रारूप तैयार होता है। हमारा लक्ष्य गांवों का समुचित विकास करना होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने लीती के प्रगतिशील किसानों द्वारा रोपित कीवी फल पौध रोपण, पॉलीहाउस एवं होमस्टे का जायजा लिया। **कपकोट।** जिलाधिकारी ने लीती के प्रगतिशील काश्तकार खीम सिंह व गोविंद सिंह द्वारा रोपित कीवी फल पौध रोपण व पॉलीहाउस का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उद्यान विभाग को कीवी उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक घर तक कीवी उत्पादन पहुंचे, इस हेतु काश्तकारों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। अपर उद्यान अधिकारी कुलदीप जोशी ने बताया कि जिला योजना के तहत 80 प्रतिशत अनुदान पर कीवी बगीचे की स्थापना की जा रही है। शामा क्षेत्र में 150 कृषक कीवी उत्पादन का कार्य कर रहे हैं, जो प्रतिवर्ष 600 क्विंटल कीवी उत्पादित कर लगभग सात लाख तक प्रति हेक्टेयर आय अर्जित कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने क्षेत्र में स्थापित भेड़ प्रजनन का निरीक्षण किया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरआर चंद्रा ने बताया कि शामा व लीती कुल 49.6 हेक्टेयर भूमि में स्थित है। वर्तमान में प्रक्षेत्र में कुल 253 पशुधन मौजूद है, जिसमें आयतित ऑस्ट्रेलियन मैरिनो मेंढे, मैरिनो भेड़ वह कश्मीरी मैरिनो नस्ल की भेड़ पाली जा रही है। जिले में कुल 18 हजार भेड़ मौजूद हैं। 800 लोग इस कारोबार से जुड़े हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मोनिका,जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या, तहसीलदार पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।





# उच्च हिमालयी क्षेत्र पहुँचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांटी दवाईयां

कपकोट (उद संवाददाता)। स्वास्थ विभाग की टीम ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र खाती में स्वास्थ्य शिविर लगाया, शिविर में मानसिक रोगियों, बुखार,वायरल फीवर,सहित अन्य प्रकार की विमारियों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जीआईसी खाती में मास हिस्थिरिया का शिकार



हुई छात्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। बच्चों के अभिभावकों और छात्राओं की काउंसिलिंग भी की गई, वही सभी को मास हिस्थिरिया के कारण लक्षण,और बचाव का मनोवैज्ञानिक आधार बताया गया, साथ ही अभिवावकों को इसके बचाव के लिए जानकारी दी गई।वही शिविर में मानसिक रोग के मरीजों का भी स्वास्थ परीक्षण कर उन्हें उचित दवाइया प्रदान की गई।साथ ही मानसिक रोग के मरीजों को इससे बचाव के तरीके और डिप्रेशन से बचने,पर्याप्त नींद लेने,एकाग्रता के बजाय अपना ध्यान सकारात्मक पहलुओं पर केंद्रित करने की सलाह दी गई, मानसिक रोग विशेषज्ञ ड़ा पोखरिया ने मरीजो को मानसिक रोग से बचने के उपायों की जानकारी दी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ड़ा हरीश पोखरिया ने बताया कि शिविर में सात मानसिक रोगियों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया।वही पूर्व में विद्यालय में मास हिस्थिरिया की शिकायत आने पर सभी अभिभावकों और ग्राम प्रधानों और प्रधानाचार्य और हंस फाउंडेशन के पीएचसी कर्मचारियों के भी किसी समस्या के आने पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करने की अपील की।

मास हिस्थिरिया, और मौसमी विमारियों के बारे में जानकारी दी गई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड़ा हरीश पोखरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय में पहुँचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की, वही विद्यालय में मानसिक, मौसमी

# पिंगलों क्षेत्र में बिना सत्यापन के बाहरी लोगों को आने पर रोक

गरुड़(उद संवाददाता)। गरुड़ तहसील के पिंगलों क्षेत्र में अब बिना सत्यापन के बाहरी व्यक्तियों को नहीं घुसने दिया जाएगा। यह निर्णय महिला मंगल दल की बैठक में लिया गया। बैठक के बाद महिलाएं कंधार चौकी में पहुंची और चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।चौकी प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में महिला मंगल दल की महिलाओं ने कहा है कि पिंगलों क्षेत्र में आने वाले बाहरी मजदूरों, फेरी वालों,नेपालियों, बिहारियों का कड़ाई से सत्यापन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बिना सत्यापन के किसी भी बाहरी व्यक्ति को क्षेत्र में नहीं घुसने देंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई मकान मालिक बिना सत्यापन के बाहरी व्यक्तियों को किराये में कमरा देता है, तो पुलिस उसका चालान कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने पिंगलों व थापलीधार के बीच एक पुलिस चौकी भी खोलने की मांग की, ताकि जनता में भय का माहौल न रहे। उन्होंने पिंगलों में हुए दोहरे हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस का आभार



भी जताया। उन्होंने पिंगलों क्षेत्र में शराब व जुआ के प्रचलन पर भी रोक लगाने की मांग की। इस दौरान ज्वड़ास्टेट की ग्राम प्रधान सुशीला बिष्ट, महिला मंगल दल पिंगलों की अध्यक्ष संगीता देवी, मंजू देवी, मुन्नी रावत, हेमा देवी, उमा देवी, दान सिंह फर्सवाण आदि मौजूद थे। वहीं पूर्व सैनिक गोमती घाटी विकास समिति ने दोहरे हत्याकांड में पकड़े गए आरोपी को शीघ्र फांसी दिए जाने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष कै. पुष्कर सिंह बिष्ट ने कहा है कि घाटी में लगातार वारदात होने से घाटी की बदनामी हो रही है। बाहरी लोग यहां आकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी को फांसी देने से यह अपराधियों के लिए भविष्य में एक नजीर बनेगा।

## पेज एक का शेष...

**बेरोजगारों के समर्थन...**सामने आ गया है। प्रदेश में एक के बाद एक भर्ती घोटोले प्रदेश के युवाओं के रोजगार की हत्या कर रहे हैं। भाजपा सरकार युवाओं के सपनों की हत्या करने वाले हत्यारों का साथ दे रही है। जिन युवाओं के दम पर भाजपा सत्ता में आई आज सबसे बड़ा विश्वास घात भाजपा सरकार युवाओं के साथ ही कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कांग्रेस युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा युवाओं को रोजगार देने का वायदा करने वाली भाजपा सरकार में युवा निराश और हताश हो चुका है। परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो जाते हैं, जिससे वर्षों से परीक्षा की तैयारी कर रहे हजारों युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। सरकार युवाओं को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है। युवा अपनी आवाज उठाते हैं तो उनकी आवाज को लाठी के बल पर दबाया जा रहा है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। सभा को खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा,पूर्व विधायक संजीव आर्या सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान हिमांशु गावा,संजीव सिंह, प्रेमानंद महाजन, ममता हालदार, हरीश पनेरू, हरीश बावरा, सीपी शर्मा, अनिल शर्मा, मदन लाल खन्ना, सौरभ चिलाना, जगदीश तनेजा, हरेन्द्र लाडी, किन्नू शुक्ला, सत्यवान गर्ग, राजेश प्रताप सिंह, संदीप सहगल, जितेन्द्र सरस्वती, ममता रानी, गौरव बेहड़, गुड्डू तिवारी, सोनू कंग, राज छीना, उमा सरकार, राहुल छिम्वाल, दीपक यादव, अरविंद कुमार, विजय यादव, विनोद कोरंगा, राकेश जोशी, निशांत शाही,फूदेना साहनी, इंद्रजीत सिंह आदि समेत सैकड़ों कांग्रेसी शामिल थे।

**एयरो इंडिया शो...** एयरो इंडिया 2023 के दौरान उड़ान भरी। भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम सारंग के हेलीकॉप्टरों ने एयरो इंडिया 2023 के दौरान बेंगलुरु के येलहंका एयरबेस में शक्ति का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आईए एफ की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने एयर बेस में परफॉर्म किया। भारतीय वायु सेना के लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) ने एयरो इंडिया 2023 के दौरान उड़ान भरी। एयरो इंडिया के 14वें संस्करण में स्वदेशी सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट एचएलएफटी-42 सुर्खियों का केंद्र रहा। इसकी टेल पर भगवान हनुमान की फोटो लगी है, जिसमें लिखा है कि तूफान आ रहा है। भारतीय वायु सेना के तेजस विमान ने भी एयरो इंडिया 2023 में शक्ति प्रदर्शन किया। इसके अलावा भारतीय वायु सेना का ईएमबी-145, एसयू-30 और मिग-29 ने एयरो इंडिया 2023 में हिस्सा लिया। इसके अलावा भारतीय वायु सेना के विंटेज विमान डगलस डीसी-3 डकोटा ने एयरो इंडिया 2023 में उड़ान भरी। बता दें कि इस आयोजन में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। साथ ही भारत के एमएसएमई, स्टार्टअप के साथ-साथ प्रतिष्ठित वैश्विक कंपनियां इस आयोजन में भाग ले रही हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एयरो इंडिया शो 2023 में भारतीय वायु सेना का एक शानदार प्रदर्शन देखा। उन्होंने इस कार्यक्रम का स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।

**गांव की गलियों ..** 4000 होम स्टे युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ ही उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों को नवीन अनुभव से रूबरू करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रात्रि विश्राम करने के बाद सोमवार सुबह रावत गांव (चंदोला राई) का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम वासियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना एवं गांव के विकास से संबंधित लोगों की राय ली। गांव में मौजूद पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभवों को मुख्यमंत्री से साझा किया। धामी ने कहा कि गांव में ही हमारे राज्य की आत्मा बसी है। ग्राम सभाओं के विकास से ही देश का विकास संभव है। हमारे गांव पुरातन संस्कृति के धरोहर हैं, इन्हें जीवित रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने गांव में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर योग एवं ध्यान भी किया।

**दामाद ने सास को...**महादेवपुरम कॉलोनी में रहता है। इसी कॉलोनी में कुछ दूरी पर उसके साथ बसंती भी किराए के मकान में रहती आ रही थी।बीती रात सुरेंद्र ने शराब के नशे में धुत होकर अपने साथ बसंती की गला दबाकर हत्या कर दी। रात में किसी को भी घटना का पता नहीं चला, सुबह जब सुरेंद्र का नशा उतरा उसने खुद पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए हत्या कुबूल की। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित दामाद को हिरासत में ले लिया गया है, मामले की छानबीन की जा रही है।

**नए नकल विरोधी...**भी किसी तरह की शिकायत या अशांति की बात सामने नहीं आई। उत्तरकाशी में एक अभ्यर्थी ने प्रश्नपत्र की सील खुली होने के आरोप पर आयोग ने आरोप को निर्मूल बताते हुए कहा कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता पूरी तरह संरक्षित रही। नकलरोधी कानून के अस्तित्व में आने के बाद यह पहली परीक्षा थी, ऐसे में सभी की निगाह इस परीक्षा पर लगी हुई थी। परीक्षा के दौरान हर एग्जाम सेंटर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

**पर्यटकों की कार...**सड़क के किनारे पैराफिट से टकरा गई और उसमें आग लग गई। कार में सवार दोनों युवक तुरंत नीचे उतर गए। कार में आग इतनी तेजी से लगी कि जब तक दोनों युवक कुछ कर पाते, कार धू-धूकर जलने लगी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

**घर से कालेज..**नहीं लौटी। इस दौरान तमाम संभावित स्थानो पर तलाश के बाद गाय छात्रा के पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने घटना के 5 दिन बाद तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब छात्रा का पता लगाना शुरू कर दिया।

**भाई पर किया..**को जब वह अपने घर पर था तभी भाई इन्द्रपाल सिंह तलवार लेकर आ धमका जिस पर वह अपनी जान बचाकर भागा और कमरे का दरवाजा बन्द कर लिया। परन्तु भाई ने दरवाजे पर तलवार से कई वार किये। आस पडोस के लोगों के आ जाने से इन्द्रपाल जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आईटीबीपी जवान..**दिलाना आवश्यक है तथा पति के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही भी कमान्डैन्ट के माध्यम से की जानी चाहिये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अंत्योदय परिवारों को एक वर्ष में दिए जाएंगे तीन नि:शुल्क गैस रिफिल

## मुख्य सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम धामी ने किया जन संवाद

पौड़ी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रविवार को पौड़ी गढ़वाल के कण्डोलिया मैदान से मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का शुंभारभ किया गया। उन्होंने जनपद के विकास कार्यों से संबंधित 94 करोड़ 28 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। इस योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों को 01 वर्ष में 03 नि:शुल्क गैस रिफिल दिए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में लगभग 1 लाख 76 हजार अंत्योदय कार्ड धारकों को लाभ मिलेगा। इस योजना के शुभांरभ के अवसर पर प्रदेश भर से मंत्रीगण और विधायकगण भी ऑनलाइन जुड़े हुए थे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस योजना से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन धुआं रहित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए बल मिलेगा और महिलाओं का जीवन अधिक स्वस्थ्य और आसान हो जाएगा। मातृ शक्ति का उत्थान और सशक्तीकरण हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पौड़ी बस अड्डा के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु धनराशि स्वीकृत करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कई घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा पौड़ी में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कार्य, ऐतिहासिक नगर पौड़ी के मुख्य बाजार का सौन्दर्यीकरण कर उसे




धारा रोड से एजेंसी चौक तक हैरीटेज रोड के रूप में विकसित करने, श्रीनगर में सीवर लाइन के कार्यों को पूर्ण किए जाने की घोषणा की गई। विकासखण्ड दुगड्डा ग्राम सकाली के समीप खोह नदी पर सेतु का निर्माण, धारी देवी श्रीनगर में पार्किंग निर्माण और त्रिपालीसैंण में पार्किंग निर्माण, विकासखण्ड यमकेश्वर क्षेत्र में नीलकंठ क्षेत्र को अंतर्गत कांवड मेला क्षेत्र घोषित करने, थलीसैंण में उप जिला चिकित्सालय बनाए जाने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में 2100 लक्ष्य के सापेक्ष 2136 ऋण स्वीकृत करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान पाने तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जनपद में लक्ष्य 500 के सापेक्ष 636 ऋण स्वीकृत करके द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति देवी, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, लैंसडोंन विधायक महंत दिलीप रावत व यमकेश्वर रेणु बिष्ट सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पौड़ी में आयोजित मुख्य सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को सुनकर उनके तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि कृषि एवं वन विभाग जंगली जानवरों से बचाव के संबंध में कई योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। खेतों की फेंसिंग, सोलर फेंसिंग से लेकर जंगलों में फलदार पौधे लगाने का कार्य लगातार जारी है। राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं एवं उनके लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए बैंकों एवं विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करना चाहिए। राज्य में एप्पल मिशन के तहत सेब के कई नए बगीचों पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक श्री राजकुमार पौरी, विधायक महंत दलीप सिंह रावत, विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत एवं अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के बाद पौड़ी स्थित रावत गांव में मेजर (से.नि.) गोर्की चंदोला के मिट्टी से बने पहाड़ी शैली के होम स्टे में रात्रि विश्राम करने का निर्णय लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि होम स्टे स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। होम स्टे से लोगों को उत्तराखण्ड के पारंपरिक खानपान और संस्कृति के बारे में पता चलता है। राज्य सरकार लगातार होम स्टे को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक श्री राजकुमार पौरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान

गदरपुर (उद संवाददाता)। ग्राम सरदारनगर में सुभाष चंद्र खेड़ा जी की





स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 35 लोगों द्वारा रक्तदान करके सेवा कार्य किया गया। शिविर का शुभारंभ काशीपुर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा और ग्राम प्रधान चंद्र सिल्की खेड़ा ने फीता काटकर किया स इस दौरान गुंजन सुखीजा ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने से अनेकों पीड़ित लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है तथा उन्हें नया जीवन देने के लिए हम सभी को रक्तदान करके सेवा का मौका प्राप्त करना चाहिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान चंद्र सिल्की खेड़ा, राजेंद्र पाल सिंह ,विजय सुखीजा, टीकम खेड़ा, कृष्ण सुधा, अशोक छाबड़ा, अशोक कुमार ,चंद्र खेड़ा, संजीव झाम ,नवीन खेड़ा सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

# बैकुंठपुर ने सुरेन्द्र नगर को किया पराजित

शक्तिफाम (उद संवाददाता)। रुदपुर में आयोजित क्रिकेट मैच का उद्घाटन मैच सुरेंद्र नगर और बैकुंठपुर के मध्य खेला गया। सुरेंद्रनगर ने पहले बैटिंग करते हुए बैकुंठपुर के समक्ष 75 रनों का लक्ष्य रखा।जिसका पीछा करते हुए बैकुंठपुर ने 5 ओवरों में 75 रन बनाकर मैच में विजय प्राप्त की। जिसमें



मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजकीय महाविद्यालय सितारगंज राजीव यादव तथा अमन हालदार एवं सूजय मंडल रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने युवाओं का उत्साहवर्धन किया। कहा कि जीवन में किस प्रकार लक्ष्य को प्राप्त करना है उसके लिए भी शुभ संदेश प्रदान किया। इस मौके पर खेल कमेटी के सदस्य रजत बछाड , विशाल विश्वास, यश कुमार, महेश बाछाड आयुष सरदार, अभिषेक सरदार सरजीत बाछाड आदि मोजूद थे।

# जनजागरूकता के लिए जत्था हुआ रवाना

गदरपुर (उद संवाददाता)। बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य एबं घरेलू हिंसा के विरोध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जत्था रविवार सुबह बाजपुर से रवाना हुआ। जो पैदल यात्रा कर देर शाम गदरपुर पहुंचा और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में रात्रि विश्राम करने के पश्चात सुबह किच्छा के लिए रवाना हुआ। रविवार को बाजपुर भट्टपुरी ग्राम के डेरा नानक निवास से सुबह 9:00 बजे महिला व सिख पुरुषों का एक जत्था नाबालिक कन्याओं के बाल विवाह रोकने और महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार के विरोध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पैदल रवाना हुआ। जोकि पदयात्रा कर देर शाम गदरपुर पहुंचा पैदल जत्थे में महिला पुरुष के अलावा नन्हे मुन्ने बच्चे भी शामिल थे। जत्थे की अगुवाई कर रहे बाबा जसवंत सिंह ने बताया कि देश मैं घरेलू हिंसा और महिलाओं पर अत्याचार के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में बच्चियों के विवाह की घटनाओं के रोकथाम और दहेज के प्रति लोगों को



जागरूक करने के उद्देश्य से यह पैदल यात्रा आयोजित की गई है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर किसी को संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने पुत्र या पुत्री के विवाह में ना तो दहेज देंगे और ना ही दहेज को स्वीकार करेंगे। पैदल जत्था रात्रि में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में विश्राम करेगा और सुबह पैदल किच्छा के लिए प्रस्थान करेगा। जत्थे में अमरजीत सिंह, गुरमेल सिंह, मंगल सिंह, कुलविंदर कौर, गुरविंदर कौर, प्रीत कौर, सिमरन कौर, पवनीत, श्नेहप्रीत, गुरनूर कौर सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

# बस से फौजी की पत्नी का बैग चोरी

## लाइसेंसी पिस्टल समेत अन्य सामान ले उड़े चोर

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही जिससे लोगों में भय का माहौल है। शातिर चोर अब तक कई घरों दुकानों को निशाना बना चुके हैं। यदि बाइकों की बात करें तो अनगिनत चोरी हुई बाइकों का अब तक कोई भी सुराग लगाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ है। चोरी की घटनाओं का खुलासा ना होने से चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं दर्जनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद अब चोरों ने रोडवेज की एक चलती बस से फौजी की पत्नी के बैग को उड़ा लिया। बैग में फौजी का लाइसेंसी पिस्टल रखा हुआ था। लाइसेंसी पिस्टल के चोरी होने की सूचना से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है। रविवार को पूजा बिष्ट पत्नी गोविंद सिंह बिष्ट निवासी ग्राम हल्दु पोखरा दरम्याल हल्द्वानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति गोविंद सिंह बिष्ट सेना में कार्यरत हैं पूजा ने पुलिस को बताया कि उसके पति गोविंद सिंह बिष्ट का 1 साल पूर्व शस्त्र लाइसेंस बना था। पति के फौज से छुट्टी पर आने के बाद उन्होंने बीती 29 जनवरी को हल्द्वानी के रविंद्र गन हाउस से एक पिस्टल लिया था। पूजा ने बताया कि उसके पति छुट्टी खत्म होने के बाद वापस ड्यूटी पर लौट गए। पूजा ने बताया कि बीती 9 फरवरी को वह हल्द्वानी से रोडवेज की बस संख्या न04 एम.ए. पी. 1100 से अपने मायके केलाखेड़ा के ग्राम रामनगर जाने के निकली थी। घर में पूर्व में चोरी होने के चलते वह अपने पति का लाइसेंसी पिस्टल बैग में रखकर अपने साथ ले जा रही थी। जब रोडवेज की बस गदरपुर के ग्राम मसीत पहुंची तो उसी दौरान अज्ञात चोरों ने बैग को चोरी कर लिया जिसमें पति का लाइसेंसी पिस्टल सहित अन्य जरूरी सामान रखा था। लाइसेंसी पिस्टल के चोरी हो जाने की सूचना से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सूचना मिलते ही एसआई ओमप्रकाश ने पुलिसकर्मियों के साथ रोडवेज के काफी वाहनों की जांच की। परंतु बैग का कोई भी सुराग नहीं लगा। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है।

# नकल विरोधी कानून सराहनीय: चीमा

काशीपुर (उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा है कि विभिन्न परीक्षाओं में होने वाले भ्रष्टाचार के प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में नकल विरोधी कानून बनाकर और उसे अमलीजामा पहनाकर अति



सराहनीय कार्य किया है। इससे जहां नकल कारोबारी जेल जाएंगे, वहीं भ्रष्टाचार पर भी करारी चोट पड़ेगी। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि नकल विरोधी कानून बनने और लागू होने से उत्तराखंड में आमजन, खासकर युवाओं का विश्वास भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर और बढ़ा है, क्योंकि आज कोई सरकार यह कानून नहीं बना सकी। श्री चीमा ने कहा कि रविवार को पूरी चौकसी के साथ लेखपाल भर्ती परीक्षा कराकर राज्य सरकार ने सफल परीक्षा कराने का संदेश दिया है, इससे प्रदेश में ईमानदारी का माहौल बनेगा और प्रशासन में ईमानदारी व तेजी से जिम्मेदारी निभाने की भावना बनेगी ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में अविरल बह रही विकास की गंगा का जिक्र करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की प्रबल पक्षधर है।

# एसएसपी इलेवन ने प्रेस मीडिया उधमसिंह नगर को 8 विकेट से हराया

गदरपुर (उद संवाददाता)। प्रथम सर्विसेस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के दूसरा मैच मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर में एसएसपी इलैवन और प्रेस मीडिया के मध्य खेला गया। प्रेस मीडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इसमें निर्धारित 20 ओवरों में 96 रन बनाए। प्रेस मीडिया की तरफ से मोहम्मद अकरम ने 30 मनोज भट्ट ने 19 और अकील ने 13 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएसपी ईलेविन की टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें सुंदर ने 39, चंदन पन्नारी ने 27 रनों का योगदान दिया । प्रेस मीडिया की तरफ से अकील और एम मंसूरी ने एक-एक विकेट लिए। यह मैच



एसएसपी इलेवने ने प्रेस मीडिया को हराकर दो अंक प्राप्त कर लिए हैं इस मैच के अंपायर इंद्रनील कर और तरुण चंद्र आर्य ऑनलाइन स्कोरिंग विशा कर द्वारा की गई ।मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके मैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन रुद्रपुर के अध्यक्ष मंगल तिवारी, सचिव सुशीला मेहता ,पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष खड़क सिंह विर्क, मौर्य क्रिकेट एकेडमी के एमडी आनंद कुमार मौर्य ,गौरव तिवारी ,शैलेंद्र शर्मा, संतोष गुप्ता,परमजीत सिंह, राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। आयोजक सचिव नूर आलम ने बताया कि आज का दूसरा मैच बार एसोसिएशन रुद्रपुर और पंतनगर विश्वविद्यालय के मध्य जारी था इस प्रतियोगिता के अगले मैच रविवार को खेले जाएंगे।